**Publication** Raj Express | **Language** Hindi
**Edition** Bhopal | **Journalist**
**Date** 08/04/2025 | **Page no** 12
**CCM** N/A


# अब भोपाल में होगा सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन


## अब भोपाल में होगा सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन


● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

नीमच में 13 अप्रैल को होने जा रहे राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन का स्थान अब बदल गया है। गोपाल सम्मेलन का आयोजन अब भोपाल के रवींद्र भवन में किया जाएगा।



**सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा सहकार्यता अनुबंध**

केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में दुग्ध संघों, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मप्र एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। सहकार्यता अनुबंध के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मप्र विशेष स्थान बनाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोडने का कार्य होगा।

********


Downloaded from
SAMVAD